Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




| Sat - 20 Jun - 2026 | Year - 01 | Issue - 75 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com |
|---|---|---|---|---|---|

# एआई के दौर में केवल डिग्री नहीं, बहु-विषयक ज्ञान और आजीवन सीखना बनेगा सफलता की कुंजी : डब्ल्यूपीयू गोवा




चंडीगढ़, 20 जून 2026 : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तेजी से बदलती तकनीक के इस युग में केवल किसी एक विषय में विशेषज्ञता पर्याप्त नहीं रह गई है। भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का सामना करने के लिए छात्रों को बहु-विषयक ज्ञान, निरंतर सीखने की क्षमता और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की योग्यता विकसित करनी होगी। यह विचार वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूपीयू) गोवा द्वारा आयोजित 'ओपन हाउस' कार्यक्रम में व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम में भावी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया, जहां उच्च शिक्षा के भविष्य और बदलती वैश्विक परिस्थितियों में विश्वविद्यालयों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। इस चर्चा का मुख्य केंद्र डब्ल्यूपीयू गोवा का ट्रांसडिसिप्लिनरी शिक्षा मॉडल रहा, जिसमें किसी एक विषय की गहराई के साथ विभिन्न क्षेत्रों की समझ, नवाचार की क्षमता और वास्तविक जीवन की जटिल समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया जाता है।

विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर वाल्टर लील ने कहा कि डब्ल्यूपीयू गोवा की स्थापना एक ऐसे शैक्षणिक दृष्टिकोण के साथ की जा रही है, जो छात्रों और शिक्षकों को पारंपरिक विषयगत सीमाओं से आगे बढ़कर सोचने और कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव, उद्योग जगत से जुड़ाव, वैश्विक दृष्टिकोण और स्व-प्रेरित सीखने को भी उतना ही महत्व दिया जाता है। उनका उद्देश्य ऐसे छात्रों को तैयार करना है जो जीवनभर सीखते रहें, हर परिस्थिति के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें और नेतृत्व क्षमता विकसित कर सकें।

प्रो-वाइस चांसलर डॉ. आशीष भारद्वाज ने कहा कि अब विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी केवल छात्रों को उनकी पहली नौकरी के लिए तैयार करने तक सीमित नहीं रह गई है। उन्हें ऐसे युवाओं का निर्माण करना होगा जो अपने पूरे व्यावसायिक जीवन में आने वाले अनेक बदलावों और अवसरों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि भविष्य केवल विशेषज्ञों का नहीं, बल्कि उन लोगों का है जो निरंतर सीखते रहें, विभिन्न विषयों के विचारों को जोड़ सकें और पारंपरिक सीमाओं से परे जाकर समस्याओं का समाधान खोज सकें।

चर्चा में यह भी रेखांकित किया गया कि उद्योग जगत में बदलाव की गति अब पारंपरिक शैक्षणिक ढांचे से कहीं अधिक तेज हो चुकी है। नए करियर विकल्प उभर रहे हैं, पुरानी भूमिकाएं बदल रही हैं और अब सफलता उन्हीं को मिलेगी जो तकनीकी दक्षता के साथ जिज्ञासा, लचीलापन और आजीवन सीखने की प्रवृत्ति को अपनाएंगे।

डब्ल्यूपीयू गोवा वर्तमान में बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (ऑनर्स), बी.डेस. (इंटीग्रेटेड प्रोडक्ट डिजाइन), बी.डेस. (कम्युनिकेशन डिजाइन) तथा बी.एससी. (ऑनर्स) साइकोलॉजी जैसे पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। विश्वविद्यालय का मानना है कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि छात्रों को भविष्य के उन अवसरों के लिए तैयार करना है जिनकी कल्पना आज शायद संभव नहीं है।

## युवा पुलिसकर्मियों के दम पर और मजबूत हो रही पंजाब पुलिस



चंडीगढ़, 20 जून : पंजाब पुलिस की फ्रंटलाइन पुलिसिंग में युवा पुलिसकर्मियों की बढ़ती भागीदारी अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पंजाब पुलिस में 29 वर्ष से कम आयु के 8,231 अधिकारी और कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं, जो आधुनिक तकनीक, नई सोच और उत्साह के साथ राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि उन्हें गर्व है कि हजारों युवा पुलिसकर्मी फ्रंटलाइन फोर्स के रूप में कार्य करते हुए पंजाब की सुरक्षा को मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस हर प्रकार की चुनौती और अपराधियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है तथा युवा पुलिसकर्मी प्रतिदिन इस क्षमता को और सशक्त बना रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार, पंजाब पुलिस में 29 वर्ष से कम आयु के 6,666 कांस्टेबल, 973 वरिष्ठ कांस्टेबल, 347 सब-इंस्पेक्टर और 186 हेड कांस्टेबल सेवाएं दे रहे हैं।

## विधवा एवं निराश्रित महिलाओं के लिए पंजाब सरकार का बड़ा सहारा



चंडीगढ़, 20 जून : पंजाब सरकार की विधवा एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना राज्य की लाखों महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा और सम्मान का मजबूत आधार बनकर उभरी है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी जरूरतमंद महिला आर्थिक तंगी के कारण अपने सम्मान और बुनियादी जरूरतों से वंचित न रहे।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मई 2026 तक इस योजना के तहत 305 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता जारी की जा चुकी है। वर्तमान में पंजाब भर में 6.91 लाख से अधिक विधवा एवं निराश्रित महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिलने के साथ आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता मिल रही है।

## सुखना लेक पर 'लिवाथॉन–योग फॉर लाइफ' का आयोजन, 350 से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास

चंडीगढ़, 20 जून : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लिवासा हॉस्पिटल्स द्वारा सुखना लेक पर 'लिवाथॉन– योग फॉर लाइफ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष योग सत्र में 350 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

प्रमाणित योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय निवासियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, फिटनेस प्रेमियों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने एक साथ योगाभ्यास कर यह संदेश दिया कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। साथ ही



प्रतिभागियों को तनावमुक्त जीवन, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार और दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है।

इस अवसर पर प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परीक्षण किए गए। इसके अलावा रिफ्रेशमेंट तथा स्मृति-चिह्न के रूप में विशेष टी-शर्ट भी वितरित की गईं, जिससे प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

लिवासा हॉस्पिटल्स के सीईओ अनुराग यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। योग जैसे अभ्यास लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते हैं और उन्हें शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य लोगों को बीमारियों के उपचार के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करना है।

सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) डॉ. जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि योग शारीरिक लचीलापन और फिटनेस बढ़ाने के साथ-साथ मानसिक मजबूती, एकाग्रता और तनाव प्रबंधन में भी बेहद प्रभावी है। वहीं फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. अभिषेक गर्ग ने कहा कि सभी आयु वर्ग के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी यह दर्शाती है कि समाज में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता

## पंजाब सरकार का बड़ा फैसला : 2,437 अप्रेंटिस ट्रेनिज़ बनेंगे सहायक लाइनमैन



चंडीगढ़, 20 जून 2026 : पंजाब सरकार ने युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) में 2,437 अप्रेंटिस ट्रेनिज़ को सहायक लाइनमैन (एएलएम) के पद पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। यह घोषणा पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को पंजाब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने वादे को लगातार पूरा किया है और यह निर्णय भी उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस फैसले से लंबे समय से अपनी नियुक्ति की मांग कर रहे अप्रेंटिस ट्रेनिज़ को बड़ी राहत मिलेगी।

वित्त मंत्री ने बताया कि पीएसपीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने पंजाब के एडवोकेट जनरल की कानूनी सलाह पर विचार करते हुए 2,437 अप्रेंटिस ट्रेनिज़ की भर्ती को मंजूरी प्रदान की है। ये सभी प्रशिक्षु वर्तमान में पीएसपीसीएल और पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसटीसीएल) में लाइनमैन ट्रेड में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इन उम्मीदवारों के लिए एक बार की विशेष छूट के तहत पंजाबी भाषा की अनिवार्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तिथि और अन्य विवरण पीएसपीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर समयानुसार जारी किए जाएंगे, जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का मानना है कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच के तहत सरकार विभिन्न विभागों में मिशन मोड पर भर्तियां कर रही है।

उन्होंने जानकारी दी कि अप्रैल 2022 से अब तक पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल में कुल 9,627 नियुक्तियां की जा चुकी हैं। इनमें 8,048 नियुक्तियां सीधी भर्ती के माध्यम से तथा 1,579 नियुक्तियां तरस (अनुकंपा) के आधार पर की गई हैं। इसके अतिरिक्त इस वर्ष की शुरुआत में मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न श्रेणियों के 570 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए थे।



herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

727-515-0015


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.